# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-I
(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. हिन्दी में साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा पर प्रकाश डालिए ।
2. सिद्ध और नाथ साहित्य का परवर्ती साहित्य पर प्रभाव की समीक्षा कीजिए ।
3. आदिकाल के नामकरण की समस्या पर विचार कीजिए ।
4. भक्ति आन्दोलन के उद्‌भव के कारणों की समीक्षा कीजिए ।
5. संत साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
6. सगुण भक्ति साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।
7. भक्तिकाल को स्वर्णयुग कहना कहाँ तक संगत है, कथन की पुष्टि कीजिए ।
8. रीतिकाल के नामकरण पर विचार कीजिए ।
9. रीतिकालीन काव्य की प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए ।
10. किन्हीं *दो* पर टिप्पणी लिखिए :—
    (क) सूरदास और भ्रमरगीत
    (ख) अमीर खुसरो
    (ग) मल्लिक मोहम्मद जायसी
    (घ) घनानन्द

• • •

## EXAMINATION PROGRAMME-2021
## M.A. Psychology, Hindi & Sanskrit, Part-I

| Date | Papers | Time | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 20.05.2022 | Paper–I | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 24.05.2022 | Paper–II | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 26.05.2022 | Paper–III | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 28.05.2022 | Paper–IV | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 30.05.2022 | Paper–V | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 01.06.2022 | Paper–VI | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 03.06.2022 | Paper–VII | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 06.06.2022 | Paper–VIII | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

**एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I**

**पत्र-II**

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. विद्यापति के भाव पक्ष पर प्रकाश डालिए ।
2. कबीर के दार्शनिक विचारों की समीक्षा कीजिए ।
3. 'पद्मावत' के महाकाव्यत्व पर प्रकाश डालिए ।
4. सूरदास के वात्सल्य वर्णन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
5. तुलसीदास की भक्ति के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।
6. बिहारीलाल की भाषागत विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
7. 'प्रेम के पीर' रूप में घनानन्द की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
8. भूषण की राष्ट्रीय भावना का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
9. टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए :–
   (क) जायसी की नागमती (ख) सूरदास का भ्रमरगीत
10. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –
    (क) अवधेश के द्वारे सकारे गई, सुत गोद कै भूपति लै निकसै । अवलोकि हौं
    सोच–विमोचन को ठगि सी रही, जेन ठगेधिक से ।
    तुलसी मन रंजन रंजित–अंजन जैन–सु–खंजन–जातक से ।
    सजनी सीस में समसीत उभै नवनीत सरारूह से विकसै ।

    (ख) था अनुरागी चित्त की, गति समझै नहिं कोई ।
    ज्यौं–ज्यौं बूड़े स्यामरंग, त्यौं–त्यौं उज्जल होई ।
    तजि तीरथ, हरि–राधिका–तन–दुति कर अनुरागु ।
    जिहिं ब्रज–केलि–निकुंज मग पग पग होत प्रयागु ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I

## पत्र-III

(हिन्दी कथा–साहित्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

*खण्ड–'क'*

1. उपन्यास के तत्वों की विवेचना कीजिए ।
2. 'गोदान' की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए ।
3. 'सुनीता' उपन्यास में व्यक्त नारी–भावना पर प्रकाश डालिए ।
4. 'वाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए ।
5. आँचलिकता की दृष्टि से 'मैला आँचल' की समीक्षा कीजिए ।

*खण्ड–'ख'*

6. 'कफन' कहानी की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए ।
7. कहानी कला की दृष्टि से 'आकाशदीप' का मूल्यांकन कीजिए ।
8. 'जाह्नवी' कहानी आधार पर जैनेन्द्र के प्रेम संबंधी दृष्टिकोण की समीक्षा कीजिए ।
9. 'शरणदाता' कहानी के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
10. फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी कला की विशेषता को सुस्पष्ट कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-IV
(भाषा विज्ञान)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. भाषा विज्ञान की परिभाषा देते हुए उसकी विभिन्न शाखाओं का परिचय दीजिए ।

2. भाषा की परिभाषा देते हुए उसकी प्रकृति की व्यापकता पर प्रकाश डालिए ।

3. ध्वनि नियम क्या है ? विस्तार से परिचय प्रस्तुत कीजिए ।

4. शब्द की परिभाषा की व्याख्या करते हुए उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

5. सम्बन्ध तत्व तथा अर्थतत्व के पारस्परिक सम्बन्ध की विवेचना कीजिए ।

6. वाक्य क्या है ? उसके विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए ।

7. अर्थ परिवर्तन के कारणों की समीक्षा कीजिए ।

8. शैली विज्ञान की परिभाषा देते हुए उसके वर्गीकरण पर विचार प्रस्तुत कीजिए ।

9. भाषा शिक्षण के विभिन्न सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए ।

10. कोश निर्माण की सैद्धान्तिक प्रक्रिया की समीक्षा कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-V
(भारतीय काव्य शास्त्र)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. भारतीय एवं पाश्चात्य मतों की समीक्षा करते हुए काव्य की एक उत्तम परिभाषा दीजिए ।
2. काव्य हेतु किसे कहते हैं? अनेक हेतुओं पर विचार करते हुए मुख्य हेतु को सुस्पष्ट कीजिए ।
3. काव्यात्मा–सम्बन्धी विचार करने वाले विभिन्न सम्प्रदायों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
4. रस निष्पत्ति सम्बन्धी अभिनव गुप्त के अभिव्यक्तिवाद की समीक्षा कीजिए ।
5. रस के विभिन्न स्वरूपों का उल्लेख करते हुए उसके भेदों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
6. अलंकार को परिभाषित करते हुए उसके प्रमुख भेदों का परिचय दीजिए ।
7. काव्य के सौंदर्यवर्धक तत्वों में रीति का स्थान निरूपति कीजिए ।
8. वक्रोक्ति को परिभाषित करते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।
9. ध्वनि सिद्धान्त की प्रमुख स्थापनाओं की विवेचना कीजिए ।
10. निम्नलिखित अलंकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए –
    उपमा, रूपक, यमक, उत्प्रेक्षा ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VI
(हिन्दी से इतर भारतीय भाषाएँ)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. वैदिक साहित्य का परिचय देते हुए उसकी मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
2. संस्कृत साहित्य के महाकाव्यों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
3. संस्कृत के रस संप्रदाय का परिचय दीजिए ।
4. संस्कृत के नाट्य साहित्य का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
5. मलयालम भाषा में रचे गए नाटकों का विवरण दीजिए ।
6. कन्नड़ के वीर शैवयुग का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
7. गुजराती साहित्य में पंडित युग की विशेषताओं का परिचय दीजिए ।
8. ईश्वरचन्द्र विद्यासागर के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व की विवेचना कीजिए ।
9. उर्दू साहित्य में कहानी के उत्स एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।
10. तमिल साहित्य के काल विभाजन पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VII
(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विकास एवं विस्तार का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए ।
2. जनसंचारी हिन्दी के स्वरूप और महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।
3. अनुवाद की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए उसके विविध रूपों का सविस्तार उल्लेख कीजिए।
4. परिभाषिक शब्दावली से क्या तात्पर्य है? इस संबंध में विद्वानों के विचारों का मूल्यांकन कीजिए।
5. टिप्पणी को परिभाषित करते हुए उसके विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए ।
6. प्रारूपण से क्या समझते हैं? इसके विभिन्न स्वरूपों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
7. विज्ञापन के महत्त्व को रेखांकित करते हुए विज्ञापन लेखन विधि पर प्रकाश डालिए ।
8. सम्पादकीय टिप्पणी और अग्रलेख के अन्तर को सुस्पष्ट करते हुए इनके महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।
9. अपने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को एक आवदेन दीजिए जिसमें आपके जिले में कोविड–19 की रोकथाम के लिए शीघ्र प्रभावकारी व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है ।
10. (क) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय दीजिए :–

    Public Holiday, Project, Magistrate, Estimate,
    Report, Discrimination, Industry,
    Welfare.

    (ख) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय दीजिए :–

    भुगतान, लंबित, अनुपूरक,
    छूट, निष्कासित, स्थानान्तरण,
    निर्यात, प्रधान सचिव ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VIII
(हिन्दी आलोचक और आलोचना)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. आचार्य शुक्ल द्वारा प्रतिपादित आलोचना के विधायक तत्व की समीक्षा कीजिए ।
2. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के इतिहास बोध पर प्रकाश डालिए ।
3. पं. नन्द दुलारे बाजपेयी की समन्वयात्मक समीक्षा दृष्टि पर विचार कीजिए ।
4. शास्त्रीय आलोचना के सम्बन्ध में हजारी प्रसाद द्विवेदी की स्थापनाओं का मूल्यांकन कीजिए ।
5. गुलाब राय की समीक्षा पद्धति का मूल्यांकन कीजिए ।
6. डॉ0 नगेन्द्र की साहित्यपरक इतिहास लेखन का मूल्यांकन कीजिए ।
7. पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र के आलोचना विषयक मानदण्डों की समीक्षा कीजिए ।
8. डॉ0 राम विलास शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए ।
9. डॉ0 नामवर सिंह की काव्य समीक्षा पद्धति पर विचार कीजिए ।
10. हिन्दी आलोचना के वर्त्तमान स्वरूप पर एक आलेख प्रस्तुत कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-IX
(भारतेन्दु एवं द्विवेदी युग)
**वार्षिक परीक्षा, 2021**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

### खण्ड 'क'

1. 'भारतेन्दु मण्डल' से आप क्या समझते हैं ?' इस मण्डल के कवियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
2. भारतेन्दुयुगीन उपन्यासों की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
3. राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' का कहानीकार रूप में योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।
4. भारतेन्दुयुगीन नाटकों की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
5. भारतेन्दु की निबन्ध कला पर प्रकाश डालिए ।

### खण्ड 'ख'

6. द्विवेदीयुगीन काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
7. द्विवेदीयुगीन कहानी साहित्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
8. जयशंकर प्रसाद के ऐतिहासिक नाटकों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
9. सरदार पूर्ण सिंह की निबन्ध कला पर प्रकाश डालिए ।
10. द्विवेदीयुगीन पत्र–पत्रिकाओं का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।

• • •

## EXAMINATION PROGRAMME-2021
## M.A. Hindi, Part-II

| Date | Papers | Time | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 05.07.2022 | Paper–IX | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 07.07.2022 | Paper–X | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 09.07.2022 | Paper–XI | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 13.07.2022 | Paper–XII | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 15.07.2022 | Paper–XIII | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 19.07.2022 | Paper–XIV | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 21.07.2022 | Paper–XV | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 23.07.2022 | Paper–XVI | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-X
### हिन्दी साहित्य का इतिहास
### (आधुनिक काल : छायावाद से लेकर प्रगतिवाद तक)
***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. छायावादी काव्य में सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।
2. छायावाद को परिभाषित करते हुये उसके नामकरण और सीमा निर्धारण पर प्रकाश डालिए ।
3. छायावादोत्तर राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्य के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।
4. प्रगतिवाद क्या है ? इसकी प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
5. जगदीश चन्द्र माथुर तथा उपेन्द्र नाथ 'अश्क' के नाटकों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
6. प्रेमचंदोत्तर के किन्हीं दो उपन्यासकारों की उपन्यास कला पर प्रकाश डालिए ।
7. जयशंकर प्रसाद की कहानियों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
8. डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी के ललित निबन्धों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
9. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आलोचनात्मक दृष्टि का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) रिपोर्ताज
    (ख) रेखाचित्र
    (ग) आत्मकथा
    (घ) यात्रा वृतान्त

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XI
(प्रयोगवाद और समकालीन साहित्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्रयोगवादी साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।
2. नयी कविता के महत्त्वपूर्ण कवियों का परिचय दीजिए ।
3. नवगीत क्या है ? इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
4. प्रपद्यवाद के प्रमुख कवियों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
5. प्रसादोत्तर हिन्दी नाटकों के विकास पर प्रकाश डालिए ।
6. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
7. हिन्दी निबन्ध के क्षेत्र में व्यंग्यकारों के योगदान पर प्रकाश डालिए ।
8. शुक्लोत्तर हिन्दी आलोचना के विकास–क्रम का परिचय दीजिए ।
9. नयी कहानी आन्दोलन के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।
10. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
    (ख) मोहन राकेश

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XII
(नाटक और रंगमंच)

***वार्षिक परीक्षा, 2021***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. नाटक के तत्त्वों की विवेचना कीजिए ।
2. 'चंद्रावली' के रचनात्मक शिल्प पर प्रकाश डालिए ।
3. 'चंद्रावली' की अभिनेयता पर प्रकाश डालिए ।
4. 'स्कन्दगुप्त' नाटक की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए ।
5. 'स्कन्दगुप्त' नाटक की गीत–योजना पर प्रकाश डालिए ।
6. देवसेना का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
7. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की भाषा पर प्रकाश डालिए ।
8. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
9. विलोम का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
10. 'बकरी' नाटक की पात्र–योजना और संवाद–योजना पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XIII
(आधुनिक कथा साहित्य)

**वार्षिक परीक्षा, 2021**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

### खण्ड 'क'

1. राग दरबारी की औपन्यासिक कला पर प्रकाश डालिए ।
2. वैद्यजी का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
3. 'महाभोज' में अभिव्यक्त व्यंग्य के औचित्य पर प्रकाश डालिए ।
4. 'महाभोज' शीर्षक की सार्थकता को प्रमाणित करते हुये उसकी भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए ।
5. कीरत का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

### खण्ड 'ख'

6. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' कहानी की समीक्षा कीजिए ।
7. गजाधर बाबू की पीड़ा व्यापक सामाजिक सत्य का अंग है, इस कथन की समीक्षा कीजिए ।
8. 'ये बीमार लोग' कहानी के पात्रों की विशेषता पर प्रकाश डालिए ।
9. 'गुलकी बन्नो' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
10. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :–
    (क) जी हाँ, उसी की बदौलत तो यह सारा खेल है ।
    (ख) चूँकि वह मरना न चाहता था, इसलिए जोंक की तरह जिन्दगी से चिमटा रहा ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XIV
(निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

**वार्षिक परीक्षा, 2021**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. ललित निबन्ध की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
2. कुबेरनाथ राय के ललित निबन्धों की विशेषता का उल्लेख कीजिए ।
3. ललित निबन्ध के कथ्य एवं शिल्प के विविध आयामों पर प्रकाश डालिए ।
4. गद्यकाव्य की विशेषताओं का विवेचन कीजिए ।
5. दिनेश नंदिनी डालमिया के पठित गद्य काव्यों की विशेषता बताइए ।
6. चिंता तथा साधना गद्य काव्यों की समीक्षा कीजिए ।
7. यात्रा वृतान्त की रचना के मूल तत्त्वों पर प्रकाश डालिए ।
8. 'मक्खन पनीर का देश' की समीक्षा कीजिए ।
9. रेखाचित्र एवं संस्मरण में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।
10. हिन्दी लघु कथा की परम्परा और प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XV
(पाश्चात्य आलोचना और शैली विज्ञान)

**वार्षिक परीक्षा, 2021**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्लेटो के काव्य और कवि सम्बन्धी अवधारणा की समीक्षा कीजिए ।
2. अरस्तु के महाकाव्य सम्बन्धी मान्यताओं की विवेचना कीजिए ।
3. काव्य में उदात्त तत्त्व के पोषक और विरोधी तत्त्वों को रेखांकित कीजिए ।
4. ''कविता का उद्देश्य शिक्षा देना या आनन्द देना या दोनों ही है ।'' होरेस के इस कथन की समीक्षा कीजिए ।
5. आई० ए० रिचर्ड्स के मूल्य सिद्धान्त की विवेचना कीजिए ।
6. सम्प्रेषण के भाषिक तंत्र पर विचार प्रस्तुत कीजिए ।
7. टी० एस० इलियट के वस्तुगत समीकरण के सिद्धान्त को सुस्पष्ट कीजिए ।
8. क्रोचे अभिव्यंजना सम्बन्धी सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए ।
9. मनोविश्लेषण की अवधारणा को सुस्पष्ट करते हुये उसकी आधारभूत उत्पत्तियों की विवेचना कीजिए ।
10. शैली के स्वरूप को सुस्पष्ट कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XVI
( हिन्दी भाषा की संरचना )

**वार्षिक परीक्षा, 2021**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. संसार के भाषा परिवारों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए ।
2. साहित्यिक प्राकृत एवं पालि का अंतर स्पष्ट कीजिए ।
3. हिन्दी की उपभाषाओं और बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
4. हिन्दी के खंड्येतर ध्वनियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
5. रूपिम की संकल्पना सुस्पष्ट कीजिए ।
6. संबंध तत्त्व के कार्यों की विवेचना कीजिए ।
7. आधारभूत वाक्यों के प्रमुख वर्गों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
8. वाक्य और प्रोक्ति के अन्तर को सुस्पष्ट कीजिए ।
9. लिपि के स्वरूप, उद्‌भव और विकास का परिचय दीजिए ।
10. देवनागरी लिपि के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

• • •